प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 16.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स–2025 में भाग लेंगे।
- केंद्रीय वन और पयार्वरण मंत्री भूपेन्द्र सिंह यादव ने कहा –वन मंत्रालय रामजलसेतु लिंक परियोजना में हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर और डीग जिलों के विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की–विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय पर परियोजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए।
- बाडमेर में आज किसान सम्मेलन का आयोजन–बाजरे की खेती और नई तकनीकों पर जानकारी दी जायेगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स–2025 में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। भारत टेक्स 2025, एक व्यापक स्तर का वैश्विक आयोजन है। 14 फरवरी से शुरू हुआ यह आयोजन कल सम्पन्न होगा। भारत टेक्स प्लेटफॉर्म कपड़ा उद्योग क्षेत्र में कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक की सम्पूर्ण वस्त्र श्रृंखला को एक साथ लाता है। इस आयोजन में 120 से अधिक देशों के नीति निर्माता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक और अंतर्राष्ट्रीय खरीददार भाग ले रहे हैं। इसमें प्रमुख निवेशकों के माध्यम से स्टार्टअप्स को वित्तपोषण का भी अवसर मिल रहा है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत न केवल वैश्विक भविष्य को लेकर चर्चाओं के केंद्र में है, बल्कि इस चर्चा का नेतृत्व भी कर रहा है। दिल्ली में एक मीडिया हाउस द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर वह स्थान प्राप्त है, जो पहले कभी नहीं मिला था। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत 2014 से ही तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक मंचों पर भारत का आत्मविश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है।

---

केंद्रीय वन और पयार्वरण मंत्री भूपेन्द्र सिंह यादव ने कहा है कि उनका मंत्रालय रामजलसेतु लिंक परियोजना में हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। कल जयपुर में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के साथ परियोजना के अंतर्गत वन विभाग से जुडे कार्यो और समन्वय पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस परियोजना के कार्यों के लिए वन विभाग का सहयोग महत्वपूर्ण होगा। श्री यादव ने कहा कि मंत्रालय, की ओर से वन, पर्यावरण और वन्य जीव से संबंधित जरूरी क्लीयरेंस समय से दी जाएंगी। इससे परियोजना तय समय सीमा में पूरी हो सकेगी। बैठक में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने केन्द्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया । श्री रावत ने कहा कि उनका सहयोग इस परियोजना की सफलता में अहम भूमिका निभायेगा। परियोजना के पूर्ण होने से प्रदेश में

जल संकट की समस्या दूर होगी। बैठक में जल संसाधन और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

---

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी आज कोटपूतली–बहरोड़ के दौरे पर रहेगी। इस दौरान वे जनप्रतिनिधियों से संवाद करेगी। उनका विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करने का कार्यक्रम है। उपमुख्यमंत्री ग्राम पंचायत राजनौता में आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगी।

कार्यक्रम में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहेंगे।

---

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल शाम भगदड़ में 15 लोगों की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गए। प्रयागराज जाने के लिए रेलगाडियों में सवार होने के लिए प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों की भारी भीड़ के कारण यह भगदड़ हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने घटना में मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वे भगदड़ की घटना पर व्यथित हैं और उनकी संवेदनाएं इस घटना में मारे गए लोगों के प्रियजनों के साथ हैं। श्री मोदी ने कहा है कि भगदड़ से प्रभावित लोगों को सभी तरह की सहायता दी जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि स्टेशन पर स्थिति अब नियंत्रण में है। श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे तंत्र घटना से प्रभावित लोगों के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ में जाने वाले यात्रियों के लिए चार विशेष रेलगाडियां तत्काल चलाई गई हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि हादसे में हुई जनहानि का समाचार अत्यंत दु:खद है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।

---

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार विकास कार्यों के रोडमैप के जरिए भरतपुर और डीग जिले का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस क्षेत्र की भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों के अनुरूप आधारभूत विकास परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करें। श्री शर्मा कल जयपुर में दोनो जिलों के विकास कार्यों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सड़क, ऊर्जा, पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सहित सभी विभाग आमजन की सुविधाओं को विस्तार देने वाले विकास कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मजबूत सड़क तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि आवागमन सुगम हो सके। श्री शर्मा ने जल संसाधन विभाग को दोनों जिलों में दशकों पुराने नहरों, बांधों, डिग्गियों का समय–समय पर मरम्मत कराने की बात भी कही। बैठक में मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग को भरतपुर और डीग में सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों के सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए।

---

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में नवीनतम डिजिटल भू अभिलेखों के निर्माण के लिए नक्शा पायलट प्रोजेक्ट की 18 फरवरी को देशव्यापी लांचिंग होगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में राजस्थान से जैसलमेर का चयन किया गया है।

---

बाडमेर जिले में गुडामलानी स्थित बाजरा अनुसंधान केन्द्र में आज किसान सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और उद्योग और वाणिज्य राज्य मंत्री के. के. विश्नोई किसान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

---------------------------------------------------------

प्रदेश में नशामुक्ति के खिलाफ हो रहे कार्यक्रमों के तहत  कई जगह नवाचार किये जा रहे है। इसी कडी में हनुमानगढ में चल रहे मानस अभियान के दौरान जिले के सरकारी और निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों को नशे से दूर रहने के लिए पाती लिखी।

---------------------------------------------------------